राज एक्सप्रेस
गुरुवार, 29 अक्टूबर 2026

सोना ₹ 142700
चांदी ₹ 193700

व्यापार

सेंसेक्स 73,246.03 - 352.64
निफ्टी 22,698.85 - 50.90

ग्वालियर
7
www.rajexpress.com

टीवीएस की कमाई में शानदार बढ़ोतरी, 52 प्रतिशत उछला

आय बढ़कर 17,103 करोड़ रुपये हुई

● नई दिल्ली / राज न्यूज नेटवर्क

दोपहिया वाहन निर्माता टीवीएस मोटर कंपनी ने वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही के स्टैंडअलोन वित्तीय नतीजे जारी किए हैं। जुलाई-सितंबर 2026 के दौरान कंपनी के मुनाफे, राजस्व और परिचालन लाभ में सालाना आधार पर मजबूत वृद्धि दर्ज की गई। कंपनी ने प्रमुख वित्तीय मानकों पर बाजार के अनुमानों को भी पीछे छोड़ दिया। इसके साथ ही निदेशक मंडल ने एसटीपीएल ट्रेडिंग एंड सर्विसेज के 530 करोड़ रुपये में अधिग्रहण के प्रस्ताव को मंजूरी दी है।



राजस्व ने भी अनुमान को पछाड़ा

समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी की आय सालाना आधार पर 11,905 करोड़ रुपये से बढ़कर 17,103 करोड़ रुपये पहुंच गई। यह बाजार के 16,504 करोड़ रुपये के अनुमान से अधिक है। इससे कंपनी के कारोबार में मजबूत वृद्धि का संकेत मिला।

मुनाफा बढ़कर 1,377 करोड़ रुपये

टीवीएस मोटर का स्टैंडअलोन शुद्ध लाभ पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही के 903 करोड़ रुपये से बढ़कर 1,377 करोड़ रुपये हो गया। इस तरह इसमें करीब 52.5प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। कंपनी का लाभ बाजार के 1,342 करोड़ रुपये के अनुमान से भी अधिक रहा।

परिचालन लाभ और मार्जिन में सुधार

कंपनी का स्टैंडअलोन ईबीआईटीडीए पिछले साल की समान अवधि के 1,505 करोड़ रुपये से बढ़कर 2,219 करोड़ रुपये हो गया। यह बाजार के 2,110 करोड़ रुपये के अनुमान से अधिक रहा। वहीं, कंपनी का ईबीआईटीडीए मार्जिन भी 12.6प्रतिशत से बढ़कर 13प्रतिशत हो गया, जबकि बाजार ने इसके 12.9प्रतिशत रहने का अनुमान जताया था। टीवीएस मोटर के निदेशक मंडल ने एसटीपीएल ट्रेडिंग एंड सर्विसेज को 530 करोड़ रुपये में खरीदने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

▶ बिजली और गैस आपूर्ति में तेजी से औद्योगिक गतिविधियों को मिला मजबूत सहारा

सितंबर में औद्योगिक उत्पादन की रफ्तार घटी, विकास दर बढ़कर 6.7% पर पहुंची

अगस्त के 8 प्रतिशत के मुकाबले विनिर्माण क्षेत्र का प्रदर्शन कमजोर, खनन गतिविधियों में भी सुस्ती

● नई दिल्ली / राज न्यूज नेटवर्क

देश की औद्योगिक गतिविधियों की रफ्तार सितंबर 2026 में कुछ धीमी पड़ गई। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) की वृद्धि दर अगस्त के 8प्रतिशत से घटकर सितंबर में 6.7प्रतिशत रह गई। विनिर्माण और खनन क्षेत्रों में अपेक्षाकृत कमजोर प्रदर्शन को इस गिरावट की प्रमुख वजह माना जा रहा है। हालांकि, बिजली और गैस आपूर्ति क्षेत्र में मजबूत वृद्धि ने कुल औद्योगिक उत्पादन को सहारा दिया।



बिजली और गैस आपूर्ति ने संभाली स्थिति

विनिर्माण और खनन क्षेत्रों में नरमी के बीच बिजली और गैस आपूर्ति क्षेत्र का प्रदर्शन बेहतर रहा। सितंबर में इस क्षेत्र ने 11.2प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। इस तेजी ने औद्योगिक उत्पादन की कुल वृद्धि दर को मजबूत बनाए रखने में मदद की। बिजली और गैस आपूर्ति में विस्तार को औद्योगिक गतिविधियों और बुनियादी ढांचे से जुड़ी मांग के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

विनिर्माण क्षेत्र की गति में कमी

आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, सितंबर में विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर 7.6प्रतिशत रही, जबकि अगस्त में यह 8.6प्रतिशत दर्ज की गई थी। इस तरह एक महीने के भीतर इस क्षेत्र की विकास दर में 1 प्रतिशत अंक की गिरावट आई। औद्योगिक उत्पादन में विनिर्माण क्षेत्र की अहम हिस्सेदारी होने के कारण इसकी रफ्तार में कमी का असर समग्र आईआईपी वृद्धि पर भी पड़ा। खनन क्षेत्र में भी अपेक्षाकृत सुस्ती देखने को मिली।

नई आधार वर्ष श्रृंखला के तहत आंकड़े


सितंबर के ये आंकड़े औद्योगिक उत्पादन सूचकांक की नई श्रृंखला के तहत जारी किए गए हैं, जो 1 अप्रैल 2026 से प्रभावी हुई। इस श्रृंखला के लिए आधार वर्ष 2022-23 निर्धारित किया गया है। नई व्यवस्था का उद्देश्य औद्योगिक गतिविधियों की स्थिति का अधिक व्यापक और सटीक आकलन करना है। इसी श्रृंखला के तहत अगस्त में औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर 8प्रतिशत रही थी, लेकिन सितंबर में इसमें नरमी दर्ज की गई।

आगे औद्योगिक विकास पर रहेगी नजर

अर्थशास्त्रियों के अनुसार, औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर में उतार-चढ़ाव के पीछे वैश्विक मांग में संभावित कमजोरी और कुछ क्षेत्रों में निवेश गतिविधियों की धीमी गति जैसे कारक हो सकते हैं। हालांकि, सितंबर में बिजली और गैस आपूर्ति क्षेत्र की 11.2प्रतिशत वृद्धि से औद्योगिक गतिविधियों को मिल रहे समर्थन का संकेत मिलता है। आने वाले महीनों में विनिर्माण और खनन क्षेत्रों का प्रदर्शन महत्वपूर्ण रहेगा। इन क्षेत्रों में सुधार से औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर को स्थिर रखने में मदद मिल सकती है।

353 अंक टूटा सेंसेक्स , निफ्टी में 50.90 अंकों की गिरावट

रिलायंस और इन्फोसिस को भारी नुकसान



● मुंबई / राज न्यूज नेटवर्क

वैश्विक भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं और सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों के शेयरों में बिकवाली के दबाव के बीच घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को गिरावट जारी रही।

बीएसई का सेंसेक्स 352.64 अंक टूटकर 73,246.03 अंक पर बंद हुआ, जबकि एनएसई का निफ्टी 50.90 अंक गिरकर 22,698.85 अंक पर आ गया। इससे पहले मंगलवार को भी बाजार में नरमी रही थी। हालांकि, बैंकिंग शेयरों में खरीदारी से शुरुआती गिरावट के बाद बाजार को कुछ सहारा मिला, लेकिन प्रमुख सूचकांक बढ़त हासिल नहीं कर सके। सेंसेक्स 73,253.44 अंक पर खुला। कारोबार के दौरान इसने 73,525.44 अंक का ऊपरी और 72,603.57 अंक का निचला स्तर छुआ।

बैंकिंग शेयरों में खरीदारी, आईटी में दबाव

क्षेत्रवार कारोबार में बीएसई बैंकएक्स 292.88 अंक यानी 0.48% बढ़कर 61,006.33 अंक पर पहुंच गया। इसके विपरीत, बीएसई आईटी सूचकांक 572.13 अंक यानी 1.49% गिरकर 37,803.99 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 9 बढ़त और 21 गिरावट के साथ बंद हुए। बढ़त दर्ज करने वाले प्रमुख शेयरों में लार्सन एंड टुब्रो 3.68%, ट्रेंट 2.79प्रतिशत, भारतीय स्टेट बैंक 1.23%, एक्सिस बैंक 1.14प्रतिशत, एचडीएफसी बैंक 0.87प्रतिशत और बजाज फाइनेंस 0.47% चढ़े। मारुति सुजुकी, महिंद्रा एंड महिंद्रा और इंटरग्लोब एविएशन के शेयरों में भी बढ़त रही। दूसरी ओर, रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर 3.46%, इन्फोसिस 3.34%, टेक महिंद्रा 1.83% और टीसीएस 1.68% गिर गए। आईटी शेयरों में कमजोरी ने बाजार पर दबाव बढ़ाया।

कंटेनर विनिर्माण प्रोत्साहन योजना को मंजूरी 10,000 करोड़ रुपये खर्च करेगी केंद्र सरकार

वित्त वर्ष 2039-40 तक लागू रहेगी पहल, सालाना उत्पादन क्षमता 7.5 लाख टीईयू का लक्ष्य

● नई दिल्ली / राज न्यूज नेटवर्क

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को देश में वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी कंटेनर विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने के लिए 10,000 करोड़ रुपये की कंटेनर विनिर्माण प्रोत्साहन योजना (सीएमपीएस) को मंजूरी दे दी। यह योजना वित्त वर्ष 2039-40 तक लागू रहेगी। इसका उद्देश्य कंटेनर के आयात पर निर्भरता कम करना, घरेलू उत्पादन बढ़ाना और आपूर्ति श्रृंखला को अधिक मजबूत बनाना है। इसके तहत नई विनिर्माण इकाइयां स्थापित करने और मौजूदा इकाइयों की उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए वित्तीय सहायता दी जाएगी।

बजट में हुई थी घोषणा

देश में कंटेनर निर्माण को बढ़ावा देने के लिए इस योजना की घोषणा केंद्रीय बजट 2026-27 में की गई थी। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस योजना को मंजूरी दी गई है। सरकार का लक्ष्य भारत को गुणवत्तापूर्ण नौवहन कंटेनरों के निर्माण और निर्यात का प्रमुख केंद्र बनाना है।

ब्याज सब्सिडी और परिचालन सहायता

योजना के तहत पात्र विनिर्माताओं को ब्याज सब्सिडी, परिचालन व्यय सहायता, परीक्षण एवं प्रमाणन सहायता तथा भूमि पट्टे पर लेने के लिए मदद दी जाएगी। ब्याज सब्सिडी के लिए 859 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इसके तहत नई इकाइयां स्थापित करने और मौजूदा संयंत्रों की क्षमता बढ़ाने के लिए लिए गए पात्र सावधि ऋण पर सालाना 3प्रतिशत ब्याज सब्सिडी मिलेगी। वहीं, परिचालन व्यय सहायता के लिए 8,891 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं।

उपभोक्ता संरक्षण मजबूत करने स्वतंत्र स्व-नियामक निकाय का गठन होगा

● नई दिल्ली / एजेंसी

भारत वेब3 एसोसिएशन (बीडब्ल्यूए) ने वर्चुअल डिजिटल एसेट (वीडीए) क्षेत्र में पारदर्शिता, जवाबदेही और उपभोक्ता संरक्षण को मजबूत करने के लिए स्वतंत्र स्व-नियामक निकाय (एसआरबी) के गठन की घोषणा की है। बीडब्ल्यूए ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी रोहित कुमार सिंह को एसआरबी का अध्यक्ष तथा भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति विभाग की पूर्व प्रभारी सलाहकार डॉ. प्रज्ञा दास को इसका सदस्य बनाया है। वीडीए एक ऐसा डिजिटल कोड, नंबर या टोकन है जिसे क्रिप्टोग्राफिक या अन्य माध्यमों से बनाया जाता है और जिसका बाजार में मूल्य होता है।

इसमें क्रिप्टोकरेंसी, ब्लाक चेन प्रौद्योगिकी से दर्ज बिशिष्ट पहचाना वाले टोकन तथा डिजिटल गेमिंग सम्पत्तियां आदि शामिल होती हैं। एसोसिएशन की बुधवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार इसका उद्देश्य क्षेत्र में बेहतर प्रशासनिक व्यवस्था स्थापित करना, जिम्मेदार कार्यप्रणालियों को बढ़ावा देना और नियमों के पालन को प्रोत्साहित करना है। एसआरबी के दिशानिर्देश वैश्विक स्तर पर अपनाई जाने वाली बेहतर कार्यप्रणालियों और भारत में स्व-नियामक संगठनों के लिए आरबीआई की ओर से जारी रूपरेखाओं पर आधारित हैं। इनमें वित्तीय प्रौद्योगिकी क्षेत्र से संबंधित व्यवस्थाएं भी शामिल हैं। विज्ञप्ति में कहा गया है, ''एसआरबी अपने सदस्यों को निष्पक्ष व्यापार, बाजार की पारदर्शिता, साइबर सुरक्षा, डिजिटल परिसंपत्तियों और ग्राहकों के आंकड़ों की सुरक्षा, टोकन सूचीबद्ध करने में पारदर्शिता, उपभोक्ता संरक्षण, शिकायत निवारण तथा जिम्मेदार विपणन और संचार से जुड़े मानकों का पालन करने के लिए प्रोत्साहित करेगा।

यह निकाय धनशोधन रोकने और आतंकवाद के वित्तपोषण पर अंकुश लगाने से संबंधित प्रक्रियाओं सहित शासन व्यवस्था और अनुपालन की समय-समय पर समीक्षा करेगा। इसके अलावा, सदस्यों की कार्यप्रणालियों में सुधार के लिए आवश्यक उपायों की सिफारिश भी करेगा। बीडब्ल्यूए के अध्यक्ष दिलीप चेनॉय ने कहा कि एसआरबी का गठन इस क्षेत्र में अनुपालन को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता की दिशा में उठाया गया कदम है।

पीएलआई योजना के लिए एक नवंबर से नए ओवदन

नई दिल्ली (एजेंसी)। कपड़ा मंत्रालय टेक्सटाइल क्षेत्र के लिए उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत चौथे चक्र में नये आवेदन स्वीकार करने के लिए 1 नवंबर से 31 दिसंबर तक योजना का पोर्टल फिर से खोलने जा रहा है। यह जानकारी बुधवार को कपड़ा मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति में दी। इस पहल का उद्देश्य मानव निर्मित फाइबर (एमएमएफ) से बने परिधानों, एमएमएफ फैब्रिक्स और तकनीकी वस्त्रों के विनिर्माण को बढ़ावा देना, घरेलू विनिर्माण क्षमताओं का विस्तार करना, निवेश आकर्षित करना, रोजगार सृजित करना और वैश्विक टेक्सटाइल वैल्यू चेन में भारत की स्थिति को मजबूत करना है।

M.P. INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPN.LTD.
R.O. Chambal, City Center, Gwalior, website : iidcgwalior.com
निविदा क्रमांक 44 तृतीय आमंत्रण दिनांक : 14.05.2026
ई-टेण्डर नोटिस

कार्य का नाम	अनुमानित लागत/धरोहर राशि
औद्योगिक क्षेत्र पिपरसेवा, सीतापुर एवं बानमौर जिला मुरैना के जल शोधन संयंत्रों हेतु एलम एवं ब्लीचिंग पाउडर प्रदाय का कार्य।	738000.00/ 15000.00

निविदा प्रपत्र दिनांक 02.11.2026 से 16.11.2026 समय 5.30 सायं तक **https://mptenders.gov.in** पोर्टल के द्वारा केवल ऑनलाइन खरीदे एवं अपलोड किये जा सकते हैं। कॉरिगेन्डम (यदि कोई हो) केवल उपरोक्त वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा। एमपी आईडीसी क्षेत्रीय कार्यालय चम्बल बिना कोई कारण बताए किसी भी/सभी निविदाओं को स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
म.प्र. माध्यम/128830/2026 कार्यपालन यंत्री

त्योहार विशेष रेलगाड़ियों का संचालन

रेल प्रशासन द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित अनारक्षित त्योहार विशेष रेलगड़ियों के संचालन का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत हैः-

हज़रत निज़ामुद्दीन-वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी अनारक्षित त्योहार विशेष रेलगाड़ी

गाड़ी सं. 04412 हज़रत निज़ामुद्दीन-वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी			गाड़ी सं. 04411 वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी-हज़रत निज़ामुद्दीन	
आगमन	प्रस्थान	स्टेशन	आगमन	प्रस्थान
-----	18:50	हज़रत निज़ामुद्दीन	16:00	-----
19:10	19:12	फरीदाबाद	14:50	14:52
19:38	19:40	पलवल	14:30	14:32
19:50	19:52	रुंधी	13:28	13:30
20:08	20:10	होडल	13:10	13:12
20:18	20:20	कोसी कलाँ	12:58	13:00
20:28	20:30	छाता	12:48	12:50
22:15	22:20	मथुरा	12:28	12:30
22:35	22:37	फराह	12:05	12:07
22:58	23:00	राजा की मंडी	11:43	11:45
23:10	23:15	आगरा छावनी	11:33	11:35
23:55	23:57	जाजौ	11:13	11:15
00:58	01:00	धौलपुर	10:24	10:26
01:56	01:58	मुरेना	09:14	09:16
02:55	03:00	ग्वालियर	08:35	08:40
03:35	03:37	डबरा	07:54	07:56
04:04	04:06	सोनागिर	07:24	07:26
04:20	04:22	दतिया	06:54	06:56
06:00	-----	वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी	-----	06:30

हज़रत निज़ामुद्दीन सेः गाड़ी संख्या 04412, दिनांकः 05.11.2026, 06.11.2026 एवं 07.11.2026 तक, **वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी सेः** गाड़ी संख्या 04411, दिनांकः 06.11.2026, 07.11.2026 एवं 08.11.2026 तक **गाड़ी संरचनाः** सामान्य श्रेणीः 14

गाज़ियाबाद-अलीगढ़ ईएमयू अनारक्षित त्योहार विशेष रेलगाड़ी

गाड़ी सं. 04414 गाज़ियाबाद-अलीगढ़			गाड़ी सं. 04413 अलीगढ़-गाज़ियाबाद	
आगमन	प्रस्थान	स्टेशन	आगमन	प्रस्थान
-----	20:05	गाज़ियाबाद	02:00	-----
20:28	20:29	मारीपत	01:29	01:30
20:43	20:44	दादरी	01:19	01:20
20:49	20:50	बोड़ाकी हाल्ट	01:11	01:12
20:57	20:58	अजाइबपुर	01:04	01:05
21:05	21:06	दनकौर	00:53	00:55
21:16	21:17	वैर	00:44	00:45
21:22	21:23	चोला	00:36	00:37
21:28	21:29	गंगरौल हाल्ट	00:30	00:31
21:33	21:34	सिकन्दरपुर	00:24	00:25
21:40	21:41	खुर्जा	00:17	00:18
21:47	21:48	कमालपुर	00:10	00:11
21:55	21:56	डाँवर	00:04	00:05
22:03	22:04	सोमना	23:54	23:55
22:13	22:14	कुलवा	23:44	23:45
22:20	22:21	महरावल	23:36	23:37
22:30	-----	अलीगढ़	-----	23:30

गाज़ियाबाद सेः गाड़ी संख्या 04414, दिनांकः 05.11.2026, 06.11.2026 एवं 07.11.2026 तक, **अलीगढ़ सेः** गाड़ी संख्या 04413, दिनांकः 06.11.2026, 07.11.2026 एवं 08.11.2026 तक,

नोटः- ट्रेनों से सम्बंधित जानकारी हेतु हेल्पलाइन नं0 139 या Rail Madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे
@CPRONCR | North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | 2448/26(AK)

कच्चे तेल में तेजी के चलते रुपया 20 पैसे टूटा

● मुंबई / एजेंसी

अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया बुधवार को 20 पैसे टूट गया और कारोबार की समाप्ति पर एक डॉलर 95.28 रुपये का बोला गया। पिछले कारोबारी दिवस पर भारतीय मुद्रा सात पैसे की मजबूती के साथ 95.08 रुपये प्रति डॉलर पर रही थी।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से रुपये पर दबाव रहा। कच्चे तेल का मानक ब्रेंट क्रूड वायदा आज एक प्रतिशत से अधिक चढ़कर एक बार फिर 115 डॉलर प्रति बैरल को पार कर गया। रुपये की शुरुआत सात पैसे की मजबूती के साथ 95.01 रुपये प्रति डॉलर पर खुला। ग बीच कारोबार में 95.29 रुपये प्रति डॉलर तक उतरने के बाद अंत में 95.28 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ। कारोबारियों ने बताया कि वाणिज्यिक बैंकों ने भी आज डॉलर की खरीद बढ़ा दी थी जिससे रुपये पर दबाव रहा। हालांकि विदेशी संस्थागत निवेशकों के भारतीय पूंजी बाजार में 91.01 करोड़ डॉलर का शुद्ध निवेश करने से भारतीय मुद्रा की गिरावट सीमित रही।

अडानी एंटरप्राइजेज का राजस्व बढ़ा, 37216 करोड़ रुपए हुआ

● नई दिल्ली / राज न्यूज नेटवर्क

राजस्व बढ़ा, खर्च ने बढ़ाया दबाव



अडानी समूह की प्रमुख कंपनी अडानी एंटरप्राइजेज के वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही के नतीजों में आय और मुनाफे के विपरीत रुझान सामने आए हैं। जुलाई-सितंबर 2026 के दौरान कंपनी का परिचालन राजस्व सालाना आधार पर 75प्रतिशत बढ़कर 37,216 करोड़ रुपये हो गया। दूसरी ओर, कुल खर्च भी सालाना आधार पर 71प्रतिशत से अधिक बढ़कर 36,021 करोड़ रुपये पहुंच गया। खर्च में तेज वृद्धि का असर परिचालन मार्जिन पर पड़ा, जो पिछले साल के 15.56प्रतिशत से घटकर 14.8प्रतिशत रह गया। कंपनी की वित्तीय स्थिति का एक सकारात्मक पहलू उसकी नेटवर्थ में वृद्धि रही। दूसरी तिमाही के अंत में नेटवर्थ बढ़कर 1.04 लाख करोड़ रुपये हो गई। समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी का परिचालन राजस्व 21,248 करोड़ रुपये से बढ़कर 37,216 करोड़ रुपये हो गया।

एयर इंडिया की एसबीआई कार्ड के साथ को ब्रांडेड वीजा योजना

● नई दिल्ली / एजेंसी

टाटा समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया ने बुधवार को एसबीआई कार्ड के साथ को-ब्रांडेड वीजा क्रेडिट कार्ड प्रोग्राम पेश करने की घोषणा की। एयरलाइंस ने बताया कि यह प्रोग्राम उसके ''महाराजा क्लब'' लॉयल्टी प्रोग्राम के सदस्यों को यात्रा और जीवनशैली से जुड़े कई बेहतरीन लाभ प्रदान करेगा।

इसका उद्देश्य एयर इंडिया के लगातार बढ़ रहे ''फ्रीक्वेंट फ्लायर्स'' और लॉयल्टी सदस्यों के लिए एक आकर्षक विकल्प तैयार करना है।एयर इंडिया के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी निपुण अग्रवाल ने कहा, ''हम एयर इंडिया के साथ ग्राहकों के सफर के हर पहलू को बदल रहे हैं।

चीनी के साथ सभी जिंसों में तेजी

नई दिल्ली, (एजेंसी)। घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चीन की कीमतों में तेजी जारी रही। चीन के साथ चावल, गेहूं समेत सभी जिंसों के भाव बढ़ गये।

मीठे के थोक बाजार में चीनी की औसत कीमत 13 रुपये बढ़कर 5,468 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गयी। गुड़ भी 32 रुपये महंगा हुआ और 5,991 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। खुदरा बाजार में चीनी की औसत कीमत नौ पैसे बढ़कर 58.87 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गयी।औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 23 रुपये बढ़कर 4,344 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गयी।

नियम 92 (1) (क) (II), ई-निविदा आमंत्रण सूचना का प्रारूप
मध्यप्रदेश शासन, नगर पालिक निगम, ग्वालियर
RO क्रमांक 698 दि. 28/10/2026 //निविदा सूचना// दिनांक : 27/10/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीय प्रणाली में पजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट http://gmc.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर क्रमांक/ जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ईएमडी	निविदा की अंतिम तिथि
1	2026_UAD_545050_1	वार्ड क्र. 64 मुन्ना माहौर के घर से पाती माहौर के घर तक एवं माहौर मोहल्ले की विभिन्न गलियों में तथा विष्णु प्रजापति के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। (मौलिक निधी)	12,41,214/-	2,000/- 9,309/-	25/11/2026
2	2026_UAD_545010_1	वार्ड क्र. 64 रीरा नगर में मीरा रजक के भवन से जादौन डेयरी तक एवं विभिन्न गलियों में सी.सी. रोड निर्माण कार्य। (मौलिक निधी)	9,79,838/-	2,000/- 9,798/-	10/11/2026
3	2026_UAD_521842_2	वार्ड क्र. 64 ग्राम बलदेव सिंह के पुरा पर आकाश भदौरिया के घर के घर से नरेन्द्र भदौरिया के घर तक सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण कार्य।	12,57,006/-	2,000/- 9,427/-	06/11/2026
4	2026_UAD_545132_1	वार्ड क्र. 63 महु कृष्णा विहार कॉलोनी पीपल वाली गली में सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण कार्य। (मौलिक निधी)	12,34,312/-	2,000/- 9,257/-	10/11/2026
5	2026_UAD_545118_1	वार्ड क्र. 63 ग्राम रायरू पहाड़ के नीचे महादेव मंदिर तक सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण कार्य। (मौलिक निधी)	8,94,977/-	2,000/- 8,950/-	10/11/2026
6	2026_UAD_544938_1	वार्ड क्र. 63 ग्राम रायरू, हनुमान जी मंदिर, बाउन्ड्री वॉल निर्माण कार्य। (मौलिक निधी)	12,62,301/-	2,000/- 9,467/-	10/11/2026
7	2026_UAD_544925_1	वार्ड क्र. 63 ग्राम जलालपुर, मोहर सिंह यादव के घर से अजमेर लोधी तक सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण कार्य। (मौलिक निधी)	12,65,328/-	2,000/- 9,490/-	10/11/2026
8	2026_UAD_545027_1	वार्ड क्र. 65 में विभिन्न स्थानों पर मूत्रालय निर्माण कार्य।	7,45,106/-	2,000/- 7,541/-	10/11/2026
9	2026_UAD_544964_1	वार्ड क्र. 65 क्षेत्रीय कार्यालय क्र. 24 पर स्टाफ हेतु अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य।	12,64,199/-	2,000/- 9,481/-	10/11/2026

नोटः- निविदा संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://gmc.mptendersd.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा। कार्यपालन यंत्री, नगर निगम ग्वालियर

गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय छठा तल, बी बिल्डिंग, गंगा टूनो, लोहेगांव, पुणे, महाराष्ट्र 411014
शाखा कार्यालय इकाई: तृतीय तल, अलखनंदा टॉवर, सिटी सेंटर, ग्वालियर – 474011, मध्य प्रदेश

ई–नीलामी बिक्री सूचना
सरफेसी अधिनियम के अंतर्गत सुरक्षित अचल संपत्ति की बिक्री

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (''अधिनियम'') के अंतर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु ई–नीलामी बिक्री सूचना, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 और 9 के साथ पठित।
इसके द्वारा आम जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता/सह–उधारकर्ता/बंधककर्ता/गारंटरटरों को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियां **गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड** (जिसे अधिनियम के अनुसार आगे ''**सुरक्षित लेनदार**'' कहा जाएगा) को गिरवी रखी गई हैं, जिसका कब्जा **अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम के नियम 8 और 9 के साथ पठित, अधिनियम की धारा 13(2) के तहत** सूचना के अनुसरण में सुरक्षित लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है। सुरक्षित संपत्तियाँ **''जहाँ है जैसी है'', ''जो है जैसी है''** और **''जो कुछ भी है''** के आधार पर **30–11–2026** को ई–नीलामी के माध्यम से बेची जाएँगी। सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हम **https://www.bankeauctions.com** वेबसाइट पर उपलब्ध ई–नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से सार्वजनिक नीलामी करने जा रहे हैं।
बिक्री की विस्तृत नियम व शर्तों के लिए, कृपया GHFL/सुरक्षित ऋणदाता की वेबसाइट www.grihumhousing.com पर दिए गए लिंक का संदर्भ देखें।

सं. क्र.	प्रस्ताव संख्या ग्राहक का नाम (ए)	मांग सूचना तिथि एवं बकाया राशि (बी)	कब्जे की प्रकृति (सी)	संपत्ति का विवरण (डी)	आरक्षित मूल्य (ई)	ईएमडी (आरपी का 10%) (एफ)	ईएमडी जमा करने की तिथि (जी)	वृद्धिशील बोली (एच)	संपत्ति निरीक्षण का दिनांक एवं समय (आई)	नीलामी की तिथि और समय (जे)	ज्ञात भार/न्यायालयीन मामले, यदि कोई हों (के)
	A	B	C	D	E	F	G	H	I	J	K
1	**ऋण संख्या** LAP05292000000504339 **मनीष शर्मा (उधारकर्ता), अंजू शर्मा (सह–उधारकर्ता) सर्वेश शर्मा एवं जगेश कुमार शर्मा।**	**नोटिस की तारीख:** 09–10–2025 **कुल बकाया: रुपये** 20,68,102/– (बीस लाख अड़सठ हजार एक सौ दो रुपये मात्र), दिनांक 09–10–2025 तक, 15.35% वार्षिक ब्याज सहित, वसूली होने तक।	**भौतिक**	मकान के सभी भाग, (जैसा कि शाखा कार्यालय में सूचित किया गया है) कुल क्षेत्रफल 33 x 35 वर्गफुट, सर्व नंबर 579 का हिस्सा, ग्राम छेमका, पटवारी हल्का नंबर 34, तहसील ग्वालियर, जिला ग्वालियर, मध्य प्रदेश। **सीमाएं:** पूर्व में अन्य की संपत्ति, पश्चिम में अन्य की संपत्ति, उत्तर में सड़क तथा दक्षिण में अन्य की संपत्ति।	**रु. 30,31,875.00/–** (रुपये तीस लाख इकतीस हजार आठ सौ पचहत्तर मात्र)	**रु. 3,03,187.50/–** (रुपये तीन लाख तीन हजार एक सौ सत्यासी और पचास पैसे मात्र)	**27–11–2026** शाम 5 बजे से पहले	**रु. 10,000/–**	**23–11–2026** (सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक)	**30–11–2026** (सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक)	निरंक

इच्छुक बोलीदाताओं/खरीदारों को सलाह दी जाती है कि वे सुरक्षित ऋणदाता शाखा और नीलामी संपत्तियों पर जाएँ, अपनी स्वयं की जाँच करें और अतिरिक्त शुल्क, भार और किसी भी तृतीय–पक्ष के हितों का पता लगाएँ और बोली जमा करने से पहले सभी पहलुओं से स्वयं संतुष्ट हो लें। संपत्ति कर, बिजली/पानी के बिल और संपत्ति से जुड़े अन्य सभी बकाया, यदि कोई हों, जैसे सभी वैधानिक बकाया, सफल बोलीदाता द्वारा पता लगाकर चुकाए जाने चाहिए।
इच्छुक बोलीदाताओं को पोर्टल पर स्वयं को पंजीकृत करना होगा और नीलामी सेवा प्रदाता **(सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड) पता– प्लॉट संख्या–68, तीसरी मंजिल, गुड़गांव, ह